रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3310] नई दिल्ली, बुधवार, नवम्बर 29, 2017/अग्रहायण 8, 1939
No. 3310] NEW DELHI, WEDNESDAY, NOVEMBER 29, 2017AGRAHAYANA 8, 1939

वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, तारीख 29 नवम्बर, 2017

का.आ. 3776(अ).—प्रारूप अधिसूचना भारत के राजपत्र असाधारण में सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 2115 (अ), तरीख 15 जून, 2016 द्वारा प्रकाशित की गई थी जिसमें ऐसे सभी व्यक्तियों से, जिनकी उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको अधिसूचना को अन्तर्विष्ट करने वाले राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थीं, साठ दिन की अवधि के भीतर आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और, उक्त राजपत्र, की प्रतियां जनता को 22 जून, 2016 को उपलब्ध करा दी गई थीं;

और, प्रारुप अधिसूचना के प्रत्युत्तर में व्यक्तियों और पणधारियों से कोई आक्षेप और सुक्षाव प्राप्त नहीं हुए थे;

सोहागीबर्वा वन्यजीव अभयारण्य उत्तर प्रदेश के महाराजगंज जिले में अवस्थित है और वह 428.201 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है ;

और, इस अभयारण्य में वनस्पति और जीवजन्तु की समृद्ध जैविकीय महत्व का प्रतिनिधित्व है; सोहागीबर्वा वन्यजीव अभयारण्य बाघ *(पंथेरा टीगरस (लींनाअइउस), पाथेर* और तेंदुआ *(पेन्थेरा प्रज्यूस*), (लींनाअइउस), जंगली बिल्ली *(फेलीस चाउस (गील्देंसटेइडट),* छोटा भारतीय मुंसग *(वीवेर्रीकुला इंडिका),* टोड्डु बिल्ली *(परादाकृउअउस हेरमाफरोडीड्डस),* सामान्य नेवला *(हेरपेस्टेस इडवारदेसी (वीओफ्फरोय)*, सियार *(केलीस अयरेउस (लींनाअइउस*), भारतीय लोमडी *(वयलपेस वेंगालेंसीस (सगव.),* लकड़बग्घा (*हैना हैना*), *(लीनाइओउस),* सांभर *(केरवउस यूनीकोलर (केर्र),* मुंटजइ और बार्लिंग डीयर *(मुंटीअकस मुंतजक) (जीम्मेरमन्न),* हॉग डियर *(एक्सी पोरकीनुस (जीम्मेरमन्न),* चित्तीदार हिरण (*एक्सिस एक्सिस*), *(इरक्लेबन),* ब्लू बुल *(बोसेलाफुस ट्रेगोकेमेलुस (पल्लास),* भारतीय बनैला सूअर *(सस स्क्रोफा)* आदि का वास है। सोहागीबर्वा वन्यजीव अभयारण्य के जल निकाय में मछली प्रजातियां उपलब्ध है। अभयारण्य में मुख्य मछली प्रजातियां पुंटीउस स्टीगमा *(कुब और वेल.), कट्टले कट्टले* (हम), *लबेओ कलबोसु* (डे.), *पुंटीअस लीक्टो, पसेदेंटरोपीउस गरूअ* (डे.), *केल्लीरोउस बीमाकुलाटस* (डे), *रोहटेओ कोटीओ* (डे.), *मयस्टुस ओस्टेओहोगरूस* (डे.), मयस्टुस सेइनघाला (डे.), *कीर्रहीना मरीगला* (डे.), *नोटोपटेरूस नोटोपटेरूस* (पोल्ल.),वाल्लागो अट्टु (डे.),गलारीअस मगउर (डे.),रसबोरा देनीकोनीओस (डे.), *नोटोपटेरूस चीटला* (डे.), कीर्हीना रेबा (हम.), *लबेओ रोहीता* (डे.), *सीलुंदीया गंगेटीका* (कुब और वेट), *हेटरोफेनोनस्टेस फोससिला* (बलोच.), *गदुसीया चापरा* (हम.), *चन्ना स्टरीअटुस* (बलोच्च.) आदि हैं।

और, सोहागीबर्वा वन्यजीव अभयारण्य से वनस्पति अभिलिखित की गई है जैसे बोम्बकस केइबा *(डी.सी.) स्कूट और इंडल., लफनामीक्सीस पोलयस्टचाया (वाल्लीI.) पेरकेर., अलांगीयन सलवीफोलीयम (लिन्न.एफ.) वांगो., दील्लेंगी पेटागयना, रोक्ब., अधाटोदा वासीका,नेस्स., कलायसेना पेंटाफयल्ला,डीसी, अधाटोडा बेसीका, नीड्स., अनटीदेसमा दीअंदरूम, रोथ., जटरोफा गोस्सयपीफोलीया,लिन्न., बयहीना मालाबेरिका,रोक्ब., इनदीगोफेरा केसिओइदेस, रोट्टील स्टेबलुस असपेर, लोवे,,नयकटंथेस अरबोरटरीस्टीस लिन्न., टयफा इलेफंटीना, रोक्ब., बम्बुसा अरूनदीनीनाकेया, वाइल्ड., स्कचेरूम स्पोंटइनुम , लिन्न., इमपेरेटा चयलींदरीका (लिन्न.) बेअयव., फरगमीटेस करका, टीरीन., देंद्ररोकलामुस स्टरीक्टुस, इमपेराटा सयलींदरीका (लिन्न.)., चयनोदोन दकटयलोन, पोरस., हेटरोपोगोन कोंटोरटुस (लिन्न.), इयुलालीओपसीस वीनीटा, (रेटज.) सी.ई. हुब्बा.,लमपेरटा चयलींदरीका (लिन्न.), दकसयलोकटोनीयम ऐअगयपटीयम (देसफ.) बेअयरा., चयमबोपोगोन मारटीनी, (रोक्ब.)* वटस आदि है और अभयारण्य पक्षी प्रजातियों की बृहत संख्या में भी प्रचुर है जैसे सरूस करेने (गरूस अनटीगो (लिन्नेइअस), देमोइसेल्ला करेना (अनथरोपोइदेस वीरगो (लिन्नाइउस), कोट (फुलीका अटरा (लिन्नाउइस), ब्लू राँक कबूतर (कलोमबा लीवीय (गमेलीन), सामान्य ग्रीन कबूतर(टरेरोन फोइनीकोपटेरा (लथम), इमरल्ड और बरोजेवींजेद कबूतर (लिन्नेइयस), स्पोट्टेड कबूतर (स्टरेपटोपेलीया चीनेंसीस (स्कोपोली),रिंग कबूतर(स्टेपटोपेलीया देकाओकटो (फरीवाल्दजकीय),छोटा ब्राउन कबूतर (स्टरेपटोपेलीया बेनेगोलेंसिस (लिन्नाअइओउस), सामान्य स्वाल्लोवा (हीरूंदा रूस्टीका (लिन्नाइउस), रेद्ररूमपेड और स्टीअटेड स्वाल्लोव (हीरूंदो दायरीका (लींनाइउस), ब्लैक हेअडेड ओरियल (ओरीवलवस एक्संथोरनुस (लींनाइअस), ब्लैक ड्रोंगो (डीकरूरस अदसीमीलीस (बेचसटेइन), वाइल बेल्लेओड ड्रोंगो (डीकरूरूस केअरूलेससेंस (लीनाउइस), राक्केट थ्रीलेड ड्रोंगो (दीकरूरूस पारादीसेउस (लीनाइउस), बराहमींया और ब्लैक हेअडेड मैना (स्टुरनुस पोगोदरूम (ममीलीन), सामान्य मैना (अकरीदोथेरेस टरीसटीस (लींनाइउस), ब्लैक मैना (अकरीदोथेरस गींगींनअनुस (लथम), हॉउस क्रौ (क्रौवउस स्पेलेंदेंस (वीईइफ्फोट),जंगली क्रौ (कोरवउस मकरो (वागलेर) आदि।

और, सोहागीबरर्वा वन्यजीव अभयारण्य, के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, पारिस्थितिकी तथा पर्यावरण की दृष्टि से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों के वर्गो का प्रचालन तथा प्रसंस्करण करने को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है ;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (1) और उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) और उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उत्तर प्रदेश राज्य में सोहागीबरर्वा वन्यजीव अभयारण्य की सीमा 1.00 किलोमीटर के क्षेत्र को सोहागीबरर्वा वन्यजीव अभयारण्य, पारिस्थितिकी संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिकी संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसके ब्यौरे निम्नानुसार है, अर्थात् :--

1. **पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं**—(1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार सोहागीबर्वा वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के चारों ओर 1.00 किलोमीटर तक होगा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन का क्षेत्र 310.20 वर्ग किलोमीटर है।

(2) पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण **उपाबंध I** के रूप में उपाबद्ध है।

(3) पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र, मुख्य बिंदुओं का सीमा वर्णन, भूमि उपयोग मानचित्र तथा अक्षांश और देशांतरों सहित **उपाबंध II क-ग** के रूप में उपाबद्ध है।

(4) सोहागीबर्वा वन्यजीव अभयारण्य की सीमा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भू-निर्देशांको की सूची क्रमश: **उपाबंध III सारणी क एवं ख** के रूप में उपाबद्ध है।

(5) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची **उपाबंध IV** में दी गई है।

2. पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना—(1) राज्य सरकार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए राजपत्र में अंतिम अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए आंचलिक महायोजना तैयार करेगी।

(ii) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना ऐसी रीति जो इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट है तथा सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों के अनुरुप और केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देशों, यदि कोई हों, द्वारा तैयार होगी।

(iii) आंचलिक महायोजना, पर्यावरणीय और पारिस्थितिकी संबंधी बातों को समाकलित करने के लिए राज्य सरकार के सभी संबद्ध विभागों के परामर्श से तैयार होगी, अर्थात्:—

(i) पर्यावरण;

(ii) वन;

(iii) शहरी विकास;

(iv) पर्यटन;

(v) नगरपालिका;

(vi) राजस्व;

(vii) कृषि;

(viii) उत्तर प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड;

(ix) सिंचाई; और

(x) लोक निर्माण विभाग।

(iv) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो और आचंलिक महायोजना सभी अवसंरचना और क्रियाकलापों में जो अधिक दक्षता और पारिस्थितिकी अनुकूल हों का संवर्धन करेगी।

(v) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलुओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे।

(vi) आंचलिक महायोजना सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और नगरीय बंदोबस्तों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, फलोउद्यान, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यकंन करेगी और इस योजना के मानचित्र के साथ विद्यमान और प्रस्तावित भूमि उपयोग विशेषताओं का विवरण संलग्न होगा।

(vii) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन में विकास को विनियमित करेगी और सारणी में सूचीबद्ध प्रतिषिद्ध, विनियमित क्रियाकलापों का पालन करेगी तथा स्थानीय समुदायों की आजीविका सुरक्षा के लिए, पारिस्थितिकी अनुकूल विकास सुनिश्चित करेगी तथा संवर्धित करेगी।

(viii) आंचलिक महायोजना क्षेत्रीय विकास योजना की सह विस्तारी होगी।

(ix) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन में विकास का विनियमन करेगी ताकि स्थानीय समुदायों के पारिस्थितिकी अनुकूल विकास का उनके जीवकोपार्जन को सुरक्षित करने के लिए सुनिश्चित किया जा सके।

(x) आंचलिक महायोजना मानीटरी समिति के लिए उसके कृत्यों को अधिसूचना में दिए गए उपबंधो के संबंध में पूरा करने के लिए एक संदर्भ दस्तावेज होगी।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय—**राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:--

(1) **भू-उपयोग –**(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वनों, उद्यान-कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, आमोद-प्रमोद के प्रयोजन के लिए चिन्हित किए गए पार्कों और खुले स्थानों का वृहद वाणिज्यिक या वृहद आवासीय काम्पलैक्स औद्योगिक क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा:

परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भाग (क) में विनिर्दिष्ट प्रयोजन से भिन्न प्रयोजन के लिए कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन मानीटरी समिति की सिफारिश पर और यथा लागू और क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम तथा केन्द्रीय/राज्य सरकार के अन्य नियमों तथा विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से, तथा इस अधिसूचना के उपबंधों द्वारा स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, जैसे:-

(i) पारिस्थितिकी अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों के लिए पर्यटकों के अस्थायी आवासन के लिए पारिस्थितिकी अनुकूल आरामगाह जैसे टेंट, लकड़ी के मकान आदि;

(ii) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना और नई सड़कों का संनिर्माण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) वर्षा जल संचय।

(v) कुटीर उद्योग, जिसके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग, सुविधा भंडार और स्थानीय सुविधाएं सम्मिलित हैं;

परंतु यह और भी कि क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम और अन्य नियमों और विनियमों के अधीन राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन तथा संविधान के अनुच्छेद 244 और तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या उद्योग विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा:

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में प्रकट होने वाली कोई त्रुटि, मानीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार संशोधित होगी और उक्त त्रुटि के संशोधन की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को देनी होगी।

परंतु यह और भी कि उपर्युक्त त्रुटि के संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा।

(ख) वनरोपण और वास जीर्णोद्धार क्रियाकलापों वाले अनप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे।

(2) **प्राकृतिक झरनें** – आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक झरनों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और पुनरुद्भूतकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी और राज्य सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्रों पर या उनके निकट विकास क्रियाकलाप प्रतिषिद्ध करने के लिए ऐसी रीति से मार्गनिर्देश तैयार किए जाएंगे।

(3) **पर्यटन/पारिस्थितिकी पर्यटन –** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर सभी नए पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए पर्यटन महायोजना के अनुसार होंगे।

(ख) पारिस्थितिकी पर्यटन महायोजना पर्यटन विभाग, द्वारा राज्य सरकार के पर्यावरण और वन विभाग के परामर्श से तैयार होगी।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना के एक घटक के रूप में होगी।

(घ) पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नलिखित के अधीन विनियमित होंगे, अर्थात् :-

(i) वन्यजीव अभयराण्य की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, जो भी निकट हो, किसी होटल या रिसोर्ट का नया संन्निर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा। तथापि, वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक नए होटलों और रिसोर्टों की स्थापना पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिकी पर्यटन सुविधाओं के लिए पूर्व सीमांकित और पदाभिहित क्षेत्रों में ही अनुज्ञात की जाएगी।

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अन्दर सभी नए पर्यटन क्रिया-कलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी मार्गदर्शी सिद्धांतों तथा पारिस्थितिकी पर्यटन पर बल देते हुए राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण द्वारा जारी पारिस्थितिकी पर्यटन मार्गदर्शी सिद्धांतों (समय-समय पर यथा संशोधित) के अनुसार होगा।

(iii) जब तक आंचलिक महायोजना का अनुमोदन नहीं कर दिया जाता है जब तक पर्यटन संबंधी विकास तथा विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार मानीटरी समिति के वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा सिफारिश के आधार पर सम्बंधित विनियामक प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के भीतर कोई नया होटल/रिसार्ट या वाणिज्यिक स्थापन का संन्निर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाता है।

(4) **नैसर्गिक विरासत—**पारिस्थितिकी संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे सभी जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातों आदि की पहचान की जाएगी और विरासत संरक्षण योजना आंचलिक महायोजना के भाग के रुप में परिरक्षण और संरक्षण के लिए तैयार की जाएगी।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल—**पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, कलात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान और उनके संरक्षण के लिए विरासत योजना आंचलिक महायोजना के भाग के रुप में तैयार की जाएगी।

(6) **ध्वनि प्रदूषण—**पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण का ध्वनि पर्यावरणीय (संरक्षण) अधिनियम, 1986, और उसमें किए गए संशोधनों के अधीन प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियमों 2000 के अनुसार अनुपालन किया जाएगा।

(7) **वायु प्रदूषण—**पारिस्थितिकी संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) के उपबंधों और उसके अधीन बनाए गए नियमों और उनमें किए गए संशोधनों के अनुसार अनुपालन किया जाएगा।

IndiaCode

(8) **बहिस्राव का निस्सारण—**पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण, साधारणों मानकों के अन्तर्गत पर्यावरणीय (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन आने वाले पर्यावरणीय प्रदूषण के निस्सारण के लिए साधारण मानकों या राज्य सरकार द्वारा नियत मानकों, जो भी अधिक कठोर हो, के उपबंधों के अनुसार होगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट—**ठोस अपशिष्टों का निपटान और प्रबंधन निम्नलिखित रूप में होगा—

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट निपटान और प्रबंधन समय-समय पर संशोधित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016, जो भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ) तारीख 8 अप्रैल, 2016 द्वारा प्रकाशित किए गए थे, के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ;

अकार्बनिक सामग्री का निपटान पारिस्थितिकी संवेदी जोन के बाहर पहचान किए गए स्थल पर किसी पर्यावरणीय स्वीकृत रीति में होगा;

(ख) पारिस्थितिकी संवदी जोन के भीतर मान्य प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल प्रंबंधन अनुज्ञात किया जा सकता है।

(10) **जैव चिकित्सीय अपशिष्ट—**जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन निम्नलिखित रूप में होगा—

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सीय अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.का.नि 343 (अ) तारीख 28 मार्च 2016 द्वारा प्रकाशित जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(ख) पारिस्थितिकी संवदी जोन के भीतर मान्य प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल प्रंबंधन अनुज्ञात किया जा सकता है।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन:—**पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सा.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध नियम 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(12) **संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन:—**पारिस्थितिकी संवेदी जोन में संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंध भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सा.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(13) **ई–अपशिष्ट:—**पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा समय-समय पर यथासंशोधित ई–अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **यानीय परिवहन:—**परिवहन की यानीय संचालन आवास के अनुकूल रीति में विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विनिर्दिष्ट उपबंध समाविष्ट किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा के अनुमोदित होने तक, मानीटरी समिति सुसंगत अधिनियमों तथा तदधीन बनाए गए नियमों और विनियमों के अधीन यानीय संचलन के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(15) **यानीय प्रदूषण:—**लागू विधियों के अनुसार वाहन प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण का अनुपालन किया जाएगा। स्वच्छक ईंधन उदाहरण के लिए सीएनजी, एलपीजी, आदि के उपयोग के लिए प्रयास किए जाएगे ।

(16) **औद्योगिक ईकाइयां:—**(i) सरकारी राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन पर या उसके बाद पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर किन्ही नए प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी दिशानिर्देशों में सिर्फ गैर- केवल अप्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना को वर्गीकरण के अनुसार अनुमति दी जाएगी, जब तक कि इस अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो। इसके अलावा, गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों को प्रतिषिद्ध किया जाएगा।

(17) **पहाड़ी ढलानों को संरक्षण:—**पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार होगा:

(क) आंचलिक महायोजना में पहाड़ी ढलानों पर क्षेत्रों को उपदर्शित किया जाएगा जहां किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(ख) कटाव के एक उच्च डिग्री के साथ विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों या ढलानों पर किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

IndiaCode

4. पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध या विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची—पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के उपबंधों और तटीय विनियमन जोन (सीआरजेड), 2011 और पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) अधिसूचना, 2006 और वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 के 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 के 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 के 53) के उपबंधों तथा उनमें किए गए संशोधनों द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :—

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	टीका-टिप्पणी
(1)	(2)	(3)
	प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
(1)	वाणिज्यिक खनन, पत्थर की खदान और उनको तोड़ने की इकाइयां।	(क) सभी नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनको तोड़ने की इकाइयां प्रतिषिद्ध हैं, सिवाय निवासियों की सद्भावपूर्ण घरेलू आवश्यकताओं के नहीं होगी, जिसके अंतर्गत गृहों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए मिट्टी की खुदाई और व्यक्तिक उपभोग के लिए गृहों के निर्माण के लिए देशी टाइलों या ईटों का संनिर्माण भी है। (ख) खनन संक्रियाएं, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत सरकार के मामले में आदेश तारीख 4 अगस्त, 2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत सरकार के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के अंतरिम आदेश के अनुसरण में सर्वदा प्रचालन होगा।
(2)	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा।
(3)	किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)।
(4)	जल या वायु या मृदा या ध्वनि प्रदूषण कारित करने वाले उद्योगों की स्थापना।	कोई नया उद्योग या पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के विस्तार की अनुमति नहीं दी जाएगी। पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी दिशानिर्देशों में सिर्फ गैर- प्रदूषित उद्योगों को स्थापना के अनुसार अनुज्ञात किया जाएगा, जब तक कि इस अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो।
(5)	बृहत जल विद्युत परियोजना की स्थापना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)।
(6)	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)।
(7)	दुकानदार द्वारा प्लास्टिक बैग का उपयोग।	लागू विधि के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाए)।
(8)	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में अनुपचारित बहिस्राव और ठोस अपशिष्टों का निस्सारण।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)।
(9)	ईंट भट्टों की स्थापना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)।
	विनियमित क्रियाकलाप	
(10)	होटलों और रिसोर्टों का वाणिज्यिक स्थापना।	राष्ट्रीय पार्क की सीमा के 1 किलोमीटर के भीतर नए वाणिज्यिक होटलों और रिसोर्टो की स्थापना को सिवाय पारिस्थितिकी के अनुकूल पर्यटन कार्यकलापों से संबंधित पर्यटको के लिए अस्थायी आवास के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा। परन्तु संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर परे या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, जो भी निकट हो सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार यथा लागू पर्यटन महायोजना के अनुरुप होगा।

(11)	पर्यटन से संबंधित क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुब्बारों, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रालाइट, आदि द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
(12)	संनिर्माण क्रियाकलाप।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक जो भी निकट हो, किसी भी प्रकार का वाणिज्यिक संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: परंतु स्थानीय लोगों को पैरा 3 के उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित उनके उपयोग के लिए उनकी भूमि में स्थानीय निवास्यों की आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने लिए संनिर्माण करने की अनुमति भवन उपविधियों के अनुसार दी जाएगी। (i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण; (ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुख-सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण; (iii) फरवरी, 2016 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा किए गए वर्गीकरण के अनुसार परिभाषित गैर- प्रदूषणकारी लघु उद्योग; (iv) कुटीर उद्योगों जिनके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग हैं; सुविधा भण्डार और स्थानीय सुख सुविधाओं जो पारिस्थितिकी पर्यटन में जिस में ग्रह वास भी है सहायक हो; और (v) इस अधिसूचना में सूचीबद्ध संवर्धित क्रियाकलापों की सूची : (ख) परन्तु ऐसे लघु उद्योगों जो प्रदूषण उत्पन्न नहीं करते हैं, से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप विनियमित किए जाएंगे और लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से ही न्यूनतम पर रखे जाएंगे। (ग) एक किलोमीटर से परे यह आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित होंगे।
(13)	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण।	उपचारित अपशिष्ट जल बहिर्स्राव का निस्सारण जल निकायों में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा और उपचारित अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण और पुन:उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे और उपचारित अपशिष्ट जल बहिर्स्रावों का निस्सारण लागू विधियों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।
(14)	वायु और यानीय प्रदूषण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
(15)	ध्वनि प्रदूषण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
(16)	सतह और भूजल के वाणिज्यिक निष्कर्षण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
(17)	वृक्षों की कटाई।	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर या वनों में किन्ही वृक्षों की कटाई नहीं होगी। (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केन्द्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंध के अनुसार विनियमित होंगे; (ग) आरक्षित वन और संरक्षित वन की दशा में निर्धारित कार्य योजना का अनुपालन किया किया जाएगा।
(18)	प्रवासी चरवाहे।	लागू विधियों और आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित होंगे।
(19)	विद्युत और दूरसंचार टावरों का परिनिर्माण और केबल बिछाना और अन्य बुनियादी ढांचे।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे। भूमिगत केबल बिछाए जाने को बढ़ावा दिया जाएगा।

(20)	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संन्निर्माण।	लागू विधियों नियमों और विनियमों मार्गी सिद्धांतों के अनुसार न्यूनीकरण की उपायों के साथ, और उपलब्ध किए जाएंगे ।
(21)	होटलों और लॉज के विद्यमान परिसरों में बाड लगाना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा । वन्यजीव के मुक्त संचलन को अनुज्ञात करने के लिए पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर होटलों या अन्य वाणिज्यिक स्थापन अपनी परिसंपत्तियों में काटेदार से बाड नहीं लगाएंगे और कोई भी बाड़ 1 मीटर से ऊंची नहीं होगी । कोई विद्यमान बाड़, जो इस उपदर्श का अनुपालन नहीं करती है, को आंचलिक महायोजना में वर्णित समय-सीमा के अनुसार उपांतरित किया जाएगा ।
(22)	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण (एनटीएफपी) ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
(23)	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
(24)	विदेशी प्रजातियों के लाना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
(25)	वाणिज्यिक साइनबोर्ड और होर्डिंग ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
(26)	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण ।	जब तक आंचलिक महायोजना के अधीन अनुज्ञात न किया जाए जब तक 1 से 10 मीटर के पहाड़ी ढलानों पर और किसी नदी तट और प्राकृतिक नाले से 100 मीटर तक कोई संन्निर्माण क्रियाकलाप नहीं किया जाएगा।
(27)	प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग ।	फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी उद्योगों में वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग और अपरिसंकट में, लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, उद्यान कृषि या पारिस्थितिकी संवेदी जोन से देशी सामग्री से उत्पादों को उत्पन्न करने वाले कृषि आधारित उद्योग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होंगे।
(28)	पारिस्थितिकी-पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
(29)	फर्मों, कंपनियों आदि द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुधन संपदा और कुक्कुट फार्मों की स्थापना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
(30)	नागरिक सुख सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचे।	लागू विधियों नियमों और विनियमों मार्गी सिद्धांतों के अनुसार न्यूनीकरण की उपायों के साथ, और उपलब्ध किए जाएंगे ।
(31)	खुले कुआ, बोर कुआ, आदि के लिए कृषि और अन्य उपयोग ।	विनियमित और कार्यकलाप की कठोरता से समुचित प्राधिकारी द्वारा मानीटरी की जाएगी
(32)	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
	संवर्धित क्रियाकलाप	
(33)	स्थानीय समुदायों द्वारा चलाई जा रही कृषि और बागवानी पद्धतियों के साथ डेयरियां, पशुपालन, और मत्स्य पालन।	स्थानीय लोगों के उपयोग के लिए लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात ।
(34)	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
(35)	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
(36)	कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर आदि भी हैं।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
(37)	वर्षा जल संचयन ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
(38)	नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत का उपयोग ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
(39)	कृषि वानिकी ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
(40)	बागवानी और जड़ी बूटी का बागान।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
(41)	पारिस्थितिकी अनुकूल परिवहन का उपयोग ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
(42)	कौशल विकास ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
(43)	निम्नकोटिकृत/वनों/पर्यावासों का प्रत्यावर्तन ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
(44)	पर्यावरण जागरुकता ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

5. मानीटरी समिति—केंद्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पारिस्थितिकी संवेदी जोन की निगरानी प्रभावी के लिए मानीटरी समिति गठित करती है, जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी:—

(i)	जिला मजिस्ट्रेट, महाराजगंज	- अध्यक्ष;
(ii)	पारिस्थितिकी और पर्यावरण के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एक वर्ष की अवधि के लिए नामनिर्दिष्ट किया जाने वाला एक विशेषज्ञ	- सदस्य ;
(iii)	उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एक वर्ष की अवधि के लिए नामनिर्दिष्ट किया जाने वाला (पर्यावरण जिसके अंतर्गत विरासत संरक्षण भी है) गैर सरकारी संगठन एक प्रतिनिधि	- सदस्य ;
(iv)	क्षेत्रीय अधिकारी, उत्तर प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड	- सदस्य;
(v)	लोक निर्माण विभाग, महाराजगंज का प्रतिनिधि	-सदस्य;
(vi)	सिचांई विभाग, महाराजगंज का प्रतिनिधि	-सदस्य;
(vii)	पुलिस अधीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, महाराजगंज का प्रतिनिधि	- सदस्य ।
(viii)	जिला कृषि अधिकारी, महाराजगंज	- सदस्य;
(ix)	वन्यजीव वार्डन, सोहागीबर्वा वन्यजीव अभयारण्य महाराजगंज	--सदस्य;
(x)	प्रभाग वन अधिकारी, महाराजगंज	-सदस्य;

6. निर्देश निबंधन.—

(1) निगरानी समिति का कार्यकाल तीन वर्ष तक या राज्य सरकार द्वारा नई समिति के पुन: गठन के लिए होगा और बाद में निगरानी समिति राज्य सरकार द्वारा गठित की जाएगी।

(2) मानीटरी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(3) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में के अधीन सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की दशा में वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण निकासी के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी ।

(4) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

(5) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध उपायुक्त, ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा ।

(6) मानीटरी समिति मुद्दा दर मुद्दा के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(7) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक की राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट **उपाबंध V** पर उपाबद्ध रूप विधान के अनुसार उक्त वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मानीटरी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए समय-समय पर ऐसे निदेश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे ।

7. अतिरिक्त उपाय:—इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभाव देने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगे ।

IndiaCode

8. सुप्रीम कोर्ट आदि के आदेश.—इस अधिसूचना के उपबंध, भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पारित कोई आदेश या पारित होने वाले किसी आदेश, यदि कोई हों, के अधीन होंगे ।

[फा. सं. 25/15/2016-ईएसजेड-आर ई]

ललित कपूर, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध- I

पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का वर्णन

पारिस्थितिकी संवेदी जोन सोहागीबरर्वा वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर क्षेत्र के बीच उ27^0 04'46.8" पू 83^0 26'55.7" अक्षांश और उ 27^0 20'38.42'' पू 83^0 50'14.9" देशांतर उत्तर प्रदेश के महाराजगंज मे स्थित है।

सोहागीबरर्वा वन्यजीव अभयारण्य पारिस्थितिकी संवेदी जोन दो भागों में विभाजित है, सीमा वर्णन निम्न रूप से है:-

सीमाऐं – खंड (1) पकडी, दक्षिण चौक, उत्तर चौक, मधवालिया और लक्ष्मीपुर श्रेणी शामिल है।

उत्तरी सीमा – इस खंड की मुख्य सीमा उत्तर में उत्तर चौक श्रेणी में स्तंभ सं 27 बनाती है। स्तंभ सं 27 से, यह मधवालिया श्रेणी के सदर बीट में स्तंभ सं 107 के ऊपर पूर्वी दिशा में फैली है।

पूर्व - इस खंड की मुख्य सीमा पूर्व की मधवालिया श्रेणी के सदर बीट में स्तंभ सं 116 बनाती है जो कि दक्षिण चौक श्रेणी में स्तंभ सं. 172 क के ऊपर दक्षिण की ओर जाती है।

दक्षिण - इस खंड की मुख्य सीमा पकडी श्रेणी पकडी सदर II बीट में स्तंभ सं. 297 बनाती है जो कि पकडी सदर II बीट में स्तंभ सं 286 के ऊपर पूर्वी दिशा में फैली हुयी है।

पश्चिम - लक्ष्मीपुर श्रेणी के अचलगढ़ बीट में स्तंभ सं 25 जो कि उत्तरी दिशा में लक्ष्मीपुर श्रेणी के अचलगढ़ बीट में स्तंभ सं 45 के ऊपर की ओर जाती है और स्तंभ सं 19 के ऊपर उत्तर चौक श्रेणी के टेडीघाट बीट में स्तंभ सं. 308 को छूती है।

सीमाऐं – खंड(2) निचलौल और शिवपुर श्रेणी शामिल है।

उत्तरी सीमा – वन सीमा स्तंभ सं. 33 से लेदी खंड और दोमा खंड स्तंभ सं. 156 के ऊपर वन सीमा उत्तर सीमा में निचलौल खंड से होते हुए जाती है शिवपुर खंड कम्पार्टमेंट सं 3 की बाहरी सीमा के गंदक और अर्जुनही वन खंड की वन सीमा के उत्तर पश्चिम कोण से होते हुए गंदक वन खंड की सीमा स्तंभ सं 13 के कृषि भूमि से होते हुए जाती है ।

पूर्व - अर्जुनही वन खंड के उत्तर पश्चिम कोण से शियांपुर और कलनही खंड के सीमा स्तंभ सं 206 के अर्जुनही की पूर्वी सीमा के सीमा स्तंभ सं 82 में शामिल होती है।

दक्षिण – दोमा भाग खंड के सीमा स्तंभ सं 206 से कलनही खंड की सीमा स्तंभ सं 245 तक।

पश्चिम- नीचलौल खंड की सीमा स्तंभ सं 245 से दोमा भाग खंड से नीचलौल खंड के स्तंभ सीमा 3 तक ।


इसके अलावा, उत्तर में नेपाल और पूर्व बिहार राज्य में एक अंतरराष्ट्रीय सीमा स्थित है। सोहागीबरर्वा वन्यजीव अभयारण्य के साथ नेपाल के रॉयल चितवन उद्यान और बिहार के वाल्मिकी बाघ आरक्षिती का संबंध है।

इस प्रबंधन योजना में वर्तमान में, पूरे अभयारण्य क्षेत्र को प्रबंधन के दृष्टिकोण से मुख्य क्षेत्र के रूप में लिया जाता है। सीमा के 200 मीटर से, वन को पारंपरिक उपयोग क्षेत्र के अंतर्गत रखा जा सकता है और मध्यवर्ती क्षेत्र के रूप में लिया जा सकता है। पूर्व श्रमिक योजना पर्यटन क्षेत्र में प्रस्तावित होगी।

IndiaCode

उपाबंध II

अक्षांश और देशांतर सहित सोहागीबर्वा वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र



GPS Coordinates Sohagibarwa Wildlife Boundary		
S.No.	Longitude	Latitude
1	83.405703°E	27.867566°N
2	83.410520°E	27.865778°N
3	83.417110°E	27.858998°N
4	83.424670°E	27.860400°N
5	83.428830°E	27.859426°N
6	83.413440°E	27.852446°N
7	83.418950°E	27.850002°N
8	83.419450°E	27.837050°N
9	83.419340°E	27.826298°N
10	83.418400°E	27.820836°N
11	83.414840°E	27.816936°N
12	83.417844°E	27.817586°N
13	83.417380°E	27.815250°N
14	83.417440°E	27.813830°N
15	83.418520°E	27.810638°N
16	83.423110°E	27.806666°N
17	83.447240°E	27.795586°N
18	83.474820°E	27.792686°N
19	83.479110°E	27.789820°N
20	83.503270°E	27.784170°N
21	83.513700°E	27.784740°N
22	83.505390°E	27.781210°N
23	83.528300°E	27.780450°N
24	83.533430°E	27.785280°N
25	83.595710°E	27.743870°N
26	83.618300°E	27.804950°N
27	83.642020°E	27.816880°N
28	83.682350°E	27.803370°N
29	83.682290°E	27.810860°N
30	83.649120°E	27.733330°N
31	83.628280°E	27.772020°N
32	83.689340°E	27.769880°N
33	83.649680°E	27.749530°N
34	83.679170°E	27.730489°N
35	83.648980°E	27.732550°N
36	83.708410°E	27.718958°N
37	83.684660°E	27.695280°N
38	83.715000°E	27.702250°N
39	83.715000°E	27.702250°N
40	83.715000°E	27.702250°N
41	83.715000°E	27.702250°N
42	83.715000°E	27.702250°N
43	83.715000°E	27.702250°N
44	83.715000°E	27.702250°N
45	83.715000°E	27.702250°N
46	83.715000°E	27.702250°N
47	83.715000°E	27.702250°N
48	83.715000°E	27.702250°N
49	83.715000°E	27.702250°N
50	83.715000°E	27.702250°N
51	83.715000°E	27.702250°N
52	83.715000°E	27.702250°N
53	83.715000°E	27.702250°N
54	83.715000°E	27.702250°N
55	83.715000°E	27.702250°N
56	83.715000°E	27.702250°N
57	83.715000°E	27.702250°N
58	83.715000°E	27.702250°N
59	83.715000°E	27.702250°N
60	83.715000°E	27.702250°N
61	83.715000°E	27.702250°N
62	83.715000°E	27.702250°N
63	83.715000°E	27.702250°N
64	83.715000°E	27.702250°N
65	83.715000°E	27.702250°N
66	83.715000°E	27.702250°N
67	83.715000°E	27.702250°N
68	83.715000°E	27.702250°N
69	83.715000°E	27.702250°N
70	83.715000°E	27.702250°N
71	83.715000°E	27.702250°N
72	83.715000°E	27.702250°N
73	83.715000°E	27.702250°N
74	83.715000°E	27.702250°N
75	83.715000°E	27.702250°N
76	83.715000°E	27.702250°N
77	83.715000°E	27.702250°N
78	83.715000°E	27.702250°N
79	83.715000°E	27.702250°N
80	83.715000°E	27.702250°N
81	83.715000°E	27.702250°N
82	83.715000°E	27.702250°N
83	83.715000°E	27.702250°N
84	83.715000°E	27.702250°N
85	83.715000°E	27.702250°N
86	83.715000°E	27.702250°N
87	83.715000°E	27.702250°N
88	83.715000°E	27.702250°N
89	83.715000°E	27.702250°N
90	83.715000°E	27.702250°N
91	83.715000°E	27.702250°N
92	83.715000°E	27.702250°N
93	83.715000°E	27.702250°N
94	83.715000°E	27.702250°N
95	83.715000°E	27.702250°N
96	83.715000°E	27.702250°N
97	83.715000°E	27.702250°N

GPS Coordinates of Proposed 1.0KM ESZ Boundry		
Location	Longitude	Latitude
1	83.3982130	27.0746830
2	83.3969500	27.0928280
3	83.3961380	27.1041580
4	83.4128090	27.1130260
5	83.3973530	27.1289940
6	83.3961850	27.1421430
7	83.3930220	27.1664250
8	83.4090020	27.1831940
9	83.4219330	27.1825890
10	83.4325760	27.1962140
11	83.4336850	27.2055760
12	83.4462780	27.2155050
13	83.4659670	27.2196020
14	83.4393030	27.2280730
15	83.4243170	27.2198970
16	83.4036050	27.2127080
17	83.3933550	27.2249970
18	83.4006310	27.2483770
19	83.4024820	27.2699960
20	83.4084970	27.2968210
21	83.4285020	27.2960600
22	83.4469720	27.2995050
23	83.4684360	27.3113950
24	83.4881830	27.3167350
25	83.4957390	27.3140320
26	83.4925320	27.3379300
27	83.5104400	27.3608550
28	83.5038640	27.3723890
29	83.5150810	27.3868820
30	83.5297720	27.4095350
31	83.5552270	27.4210880
32	83.5754810	27.4221010
33	83.5898640	27.4059700
34	83.6385030	27.3813340
35	83.6936640	27.3626920
36	83.7014740	27.3399100
37	83.6788470	27.3311100
38	83.6495880	27.3040090
39	83.6291480	27.2614310
40	83.6032730	27.2584560
41	83.5503590	27.2586680
42	83.5157460	27.2432750
43	83.4913880	27.2310760
44	83.4992820	27.2164160
45	83.5020330	27.2011630
46	83.5036130	27.1771910
47	83.5094300	27.1640420
48	83.5030160	27.1486670
49	83.5056030	27.1376130
50	83.4819140	27.1196690
51	83.4431100	27.1139490
52	83.4244320	27.1114060
53	83.4286670	27.1013610
54	83.4322930	27.0902590
55	83.4628440	27.1016790
56	83.4691760	27.0920100
57	83.4572940	27.0732280
58	83.4332710	27.0727570
59	83.4280610	27.0800190
60	83.7884100	27.1631040
61	83.7985660	27.1760670
62	83.8025990	27.1887400
63	83.7917560	27.1978000
64	83.7798510	27.2288490
65	83.7498560	27.2600870
66	83.7288280	27.2786700
67	83.7299400	27.3096200
68	83.7382910	27.3345290
69	83.7553800	27.3600680
70	83.7758050	27.3745700
71	83.7938230	27.3517420
72	83.7878240	27.3128490
73	83.7825690	27.3011430
74	83.8027320	27.2947810
75	83.8178460	27.3240860
76	83.8213250	27.3412500
77	83.8243170	27.3662830
78	83.8336140	27.3759790
79	83.8467480	27.3713970
80	83.8653150	27.3372200
81	83.8598150	27.3240870
82	83.8684740	27.3156550
83	83.8987550	27.3311950
84	83.9225260	27.3326440
85	83.9483630	27.3029560
86	83.9181780	27.2672560
87	83.8930680	27.2781620
88	83.8554820	27.2799290
89	83.8490280	27.2745110
90	83.8601660	27.2505090
91	83.8318400	27.2325700
92	83.8152070	27.2304790
93	83.8096050	27.2226550
94	83.8252440	27.1992600
95	83.8363040	27.1752660
96	83.8195000	27.1583140
97	83.8094380	27.1519440

उपाबंध- III क

सारणी 1. सोहागीबर्वा वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के भू-निर्देशांकों की सूची

क्र.सं.	देशांतर		अक्षांश	
1	83.4035720	°पू	27.0857560	°उ
2	83.4210520	°पू	27.0927780	°उ
3	83.4173120	°पू	27.1049590	°उ
4	83.4384780	°पू	27.0804810	°उ
5	83.4588050	°पू	27.0934130	°उ
6	83.4113480	°पू	27.1324660	°उ
7	83.4168950	°पू	27.1530820	°उ
8	83.4153450	°पू	27.1755810	°उ
9	83.4313540	°पू	27.1629190	°उ
10	83.4336450	°पू	27.1839190	°उ
11	83.4548840	°पू	27.1916930	°उ
12	83.4733640	°पू	27.2117500	°उ
13	83.4773880	°पू	27.2234250	°उ
14	83.4918140	°पू	27.1936600	°उ
15	83.4906780	°पू	27.1676210	°उ
16	83.4918180	°पू	27.1481900	°उ
17	83.4867850	°पू	27.1288210	°उ
18	83.4422970	°पू	27.1230070	°उ
19	83.4074830	°पू	27.2218920	°उ
20	83.4185220	°पू	27.2591380	°उ
21	83.4121180	°पू	27.2845660	°उ
22	83.4407240	°पू	27.2915380	°उ
23	83.4749250	°पू	27.2920660	°उ
24	83.4791120	°पू	27.3099020	°उ
25	83.5063720	°पू	27.2846670	°उ
26	83.4916820	°पू	27.2517330	°उ
27	83.5127010	°पू	27.2710780	°उ
28	83.5173580	°पू	27.2948740	°उ
29	83.5025980	°पू	27.3361310	°उ
30	83.5258380	°पू	27.3624510	°उ
31	83.5351410	°पू	27.3975190	°उ
32	83.5655710	°पू	27.4146370	°उ
33	83.6163080	°पू	27.3804850	°उ
34	83.6432810	°पू	27.3568880	°उ

IndiaCode

35	83.6821050	°पू	27.3653370	°उ
36	83.6852790	°पू	27.3390940	°उ
37	83.6491250	°पू	27.3133530	°उ
38	83.6223690	°पू	27.2751920	°उ
39	83.5897240	°पू	27.2649380	°उ
40	83.5406450	°पू	27.2695150	°उ
41	83.5103970	°पू	27.2514630	°उ
42	83.4759170	°पू	27.2414090	°उ
43	83.4493860	°पू	27.2301050	°उ
44	83.4495030	°पू	27.2519330	°उ
45	83.7984410	°पू	27.1659530	°उ
46	83.8216010	°पू	27.1757360	°उ
47	83.8153970	°पू	27.2012180	°उ
48	83.7913450	°पू	27.2165730	°उ
49	83.7850480	°पू	27.2516080	°उ
50	83.7650010	°पू	27.2442480	°उ
51	83.7596680	°पू	27.2635390	°उ
52	83.7703560	°पू	27.2690270	°उ
53	83.7428450	°पू	27.2692110	°उ
54	83.7531130	°पू	27.3010270	°उ
55	83.7398600	°पू	27.3121790	°उ
56	83.7571110	°पू	27.3424540	°उ
57	83.7678590	°पू	27.3298880	°उ
58	83.7718530	°पू	27.3158740	°उ
59	83.7700390	°पू	27.3436600	°उ
60	83.7626050	°पू	27.3524600	°उ
61	83.7742630	°पू	27.3656560	°उ
62	83.7837310	°पू	27.3513540	°उ
63	83.7725320	°पू	27.3001650	°उ
64	83.7711570	°पू	27.2873480	°उ
65	83.7924480	°पू	27.2791800	°उ
66	83.8234950	°पू	27.2786960	°उ
67	83.8218680	°पू	27.2925260	°उ
68	83.8144720	°पू	27.3012210	°उ
69	83.8269440	°पू	27.3293990	°उ
70	83.8301920	°पू	27.3499090	°उ
71	83.8360060	°पू	27.3672160	°उ

IndiaCode

72	83.8517020	°पू	27.3537240	°उ
73	83.8394430	°पू	27.3206270	°उ
74	83.8842170	°पू	27.3124870	°उ
75	83.9189190	°पू	27.3241210	°उ
76	83.9332660	°पू	27.2908810	°उ
77	83.9079820	°पू	27.2745100	°उ
78	83.9096710	°पू	27.3097630	°उ
79	83.9075080	°पू	27.3026120	°उ
80	83.8981197	°पू	27.2874458	°उ
81	83.8577360	°पू	27.2893850	°उ
82	83.8498330	°पू	27.2513970	°उ
83	83.8094860	°पू	27.2475340	°उ

उपाबंध III-ख

सारणी 2. सोहागीबर्वा वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा के भू-निर्देशांकों की सूची

स्थान का नाम	देशांतर	अक्षांश
1	83.3982130	27.0746830
2	83.3969500	27.0928280
3	83.3961380	27.1041580
4	83.4128090	27.1130260
5	83.3973530	27.1289940
6	83.3961850	27.1421430
7	83.3930220	27.1664250
8	83.4090020	27.1831940
9	83.4219330	27.1825890
10	83.4325760	27.1962140
11	83.4336850	27.2055760
12	83.4462780	27.2155050
13	83.4659670	27.2196020
14	83.4393030	27.2280730
15	83.4243170	27.2198970
16	83.4036050	27.2127080
17	83.3933550	27.2249970
18	83.4006310	27.2483770
19	83.4024820	27.2699960

IndiaCode

20	83.4084970	27.2968210
21	83.4285020	27.2960600
22	83.4469720	27.2995050
23	83.4684360	27.3113950
24	83.4881810	27.3167350
25	83.4957390	27.3140320
26	83.4925320	27.3379300
27	83.5104400	27.3608550
28	83.5038640	27.3723890
29	83.5150810	27.3868820
30	83.5297720	27.4095350
31	83.5552270	27.4210880
32	83.5754810	27.4221010
33	83.5898640	27.4059700
34	83.6385030	27.3813340
35	83.6936640	27.3626920
36	83.7014740	27.3399100
37	83.6788470	27.3311100
38	83.6495880	27.3040090
39	83.6291480	27.2614310
40	83.6032730	27.2584560
41	83.5503590	27.2586680
42	83.5157460	27.2432750
43	83.4913880	27.2310760
44	83.4992820	27.2164160
45	83.5020330	27.2011630
46	83.5036130	27.1771910
47	83.5094300	27.1640420
48	83.5030160	27.1486670
49	83.5056030	27.1376130
50	83.4819140	27.1196690
51	83.4431100	27.1139490
52	83.4244320	27.1114060
53	83.4286670	27.1013610
54	83.4322930	27.0902590
55	83.4628440	27.1016790
56	83.4691760	27.0920100

IndiaCode

57	83.4572940	27.0732280
58	83.4332710	27.0727570
59	83.4280610	27.0800190
60	83.7884100	27.1631040
61	83.7985660	27.1760670
62	83.8025990	27.1887400
63	83.7917560	27.1978000
64	83.7798510	27.2288490
65	83.7498560	27.2600870
66	83.7288280	27.2786700
67	83.7299400	27.3096200
68	83.7382910	27.3345290
69	83.7553800	27.3600680
70	83.7758050	27.3745700
71	83.7938230	27.3517420
72	83.7878240	27.3128490
73	83.7825690	27.3011430
74	83.8027320	27.2947810
75	83.8178460	27.3240860
76	83.8213250	27.3412500
77	83.8243170	27.3662830
78	83.8336140	27.3759790
79	83.8467480	27.3713970
80	83.8653150	27.3372200
81	83.8598150	27.3240870
82	83.8684740	27.3156550
83	83.8987550	27.3311950
84	83.9225260	27.3326440
85	83.9483630	27.3029560
86	83.9181780	27.2672560
87	83.8930680	27.2781620
88	83.8554820	27.2799290
89	83.8490280	27.2745110
90	83.8601660	27.2505090
91	83.8318400	27.2325700
92	83.8152070	27.2304790
93	83.8096050	27.2226550

IndiaCode

94	83.8252440	27.1992600
95	83.8363040	27.1752660
96	83.8195000	27.1583140
97	83.8094380	27.1519440

उपाबंध IV

सोहागीबर्वा वन्यजीव अभयारण्य के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची

क्र.सं.	ग्राम	तहसील	देशांतर	अक्षांश
1	सिंहपुर	निचलौल	83.664147	27.315397
2	दूधराई	निचलौल	83.664083	27.327025
3	संगरावा	नउटंवा	83.598833	27.411164
4	वीसुंपुरवा जाहादी	नउटंवा	83.663092	27.387492
5	मानिकापुर	नउटंवा	83.632111	27.384167
6	बधारा	नउटंवा	83.598861	27.411111
7	सीहाभर	नउटंवा	83.632111	27.384167
8	बरगदावा राजा	महाराजगंज सादर	83.461611	27.142667
9	सलामतगरध	महाराजगंज सादर	83.372944	27.235944
10	कथारा	महाराजगंज सादर	83.521803	27.187361
11	महुवा	महाराजगंज सादर	83.531000	27.139869
12	पीपरा रसुलपुर	महाराजगंज सादर	83.461703	27.130608
13	जंगल फरजंदाल	महाराजगंज सादर	83.511072	27.157719
14	जंगपुर	महाराजगंज सादर	83.372944	27.235944
15	गोहरपुर	नउटंवा	83.445667	27.206111
16	सीसवा अमहावा	महाराजगंज सादर	83.488361	27.143778
17	कनमीसवा	निचलौल	83.810806	27.372444
18	गोसैनपुर	निचलौल	83.791061	27.334167
19	भदेहरी	निचलौल	83.822306	27.342083
20	बैंकटी	निचलौल	83.401194	27.296692
21	नीचौल	निचलौल	83.725178	27.309700
22	घोरवा	नउटंवा	83.736167	27.302778
23	तीकुलहिया	निचलौल	83.734472	27.322306
24	तोगुरी	निचलौल	83.747264	27.333222
25	पथौना	निचलौल	83.758083	27.353806
26	बधेपुरवा	निचलौल	83.765056	27.360722
27	अमारी	निचलौल	83.765389	27.357528
28	शमचंदराही	निचलौल	83.763028	27.339556
29	कुसताहवा	निचलौल	83.757750	27.344778
30	गीराहिया	निचलौल	83.784333	27.331972

31	धेसो	निचलौल	83.795636	27.320250
32	बीटोला	निचलौल	83.812306	27.311639
33	शीतलापुर	निचलौल	83.807444	27.333414
34	दोमाखास	निचलौल	83.799494	27.300092
35	दोमा कंती	निचलौल	83.748500	27.294333
36	चारबरिया	निचलौल	83.803947	27.285428
37	बसुली	निचलौल	83.775528	27.250306
38	अहीरावली	निचलौल	83.786319	27.298072
39	बरियापर	निचलौल	83.766369	27.245258
40	खेसराई तोला	निचलौल	83.810286	27.160972
41	गरहरूवा	निचलौल	83.800944	27.158444
42	चहवानी	निचलौल	83.795222	27.160611
43	देवियापुर	निचलौल	83.798056	27.149444
44	दाखहीन तोला	निचलौल	83.806139	27.163500
45	रामपुर गोहाना तोला	खाद्दा	83.819806	27.177972
46	जंगल तोला	खाद्दा	83.802361	27.234056
47	राममुरारी तोला कुशीनगर	खाद्दा	83.802861	27.174028
48	चराला तोला	निचलौल	83.811111	27.222306
49	धाधार तल	निचलौल	83.814639	27.220167
50	सिंधीअहावा	निचलौल	83.815806	27.227000
51	मोती तोला	निचलौल	83.815306	27.213222
52	चहावनी तोला	निचलौल	83.816806	27.207750
53	जंग महराजगंज	निचलौल	83.809722	27.165389
54	बुध्दवा जंगल तोला	निचलौल	83.802361	27.234056
55	भेदीहरा	निचलौल	83.822306	27.342083
56	बधाया	निचलौल	83.802556	27.319583
57	लालपुर कल्याणपुर	नउटंवा	83.412333	27.252500
58	बेलशपुर	नउटंवा	83.415028	27.270278
59	महेशपुर	नउटंवा	83.423175	27.293167
60	कारल्ला अजगराहा	नउटंवा	83.472314	27.318500
61	दशथपुर	नउटंवा	83.515139	27.296861
62	धोतियाहवा	नउटंवा	83.493997	27.325589
63	कजरी	नउटंवा	83.498994	27.313889
64	तेरी	नउटंवा	83.505639	27.280389
65	मनिक तलब	नउटंवा	83.512028	27.358075
66	चकेधा	नउटंवा	83.512333	27.358075
67	बरनावा	नउटंवा	83.521667	27.386611
68	महर	नउटंवा	83.562633	27.422222
69	सेमराहवा	नउटंवा	83.509278	27.325944
70	दशरथपुर	नउटंवा	83.515211	27.297553

IndiaCode

71	सीरसिया मीसरीखी	नउटंवा	83.520000	27.386944
72	प्रशखर	महाराजगंज सादर	83.495806	27.239139
73	नाथनगर	महाराजगंज सादर	83.535083	27.255500
74	आँवेरी	महाराजगंज सादर	83.600250	27.265633
75	कोस्ता	महाराजगंज सादर	83.643111	27.267972
76	सीदुली प्रसा	महाराजगंज सादर	83.638806	27.277806
77	नक्सा बक्सा	महाराजगंज सादर	83.654092	27.297608
78	सिहपुर	महाराजगंज सादर	83.505139	27.307778
79	सोहागीबर्वा मुजा ताला	निचलौल	83.886250	27.294000
80	सोहागीबर्वा भातोहा	निचलौल	83.884944	27.300667
81	सोहागीबर्वा खास	निचलौल	83.865778	27.283514
82	सोहागीबर्वा दबनाहवा	निचलौल	83.881583	27.300528
83	शिखरीपुर खास	निचलौल	83.860583	27.271736
84	शिखरीपुर पीपरसी	निचलौल	83.897111	27.308139
85	शिखरीपुर	निचलौल	83.922139	27.296167
86	धर्मपुर	निचलौल	83.913194	27.299444
87	शिखरीपुर बकुलाहिया	निचलौल	83.883111	27.288428
88	बसंतपुर मरचाहवा	निचलौल	83.902194	27.280611
89	बंसतपुर शिवापुर	निचलौल	83.894889	27.283250
90	नारायणपुर हरीहरपुर	निचलौल	83.880425	27.294314

IndiaCode

उपाबंध-V

पारिस्थितिकी संवेदी जोन की निगरानी समिति - की गई कार्रवाई की रिपोर्ट का प्रपत्र

1. बैठकों की संख्या और तारीख।
2. बैठकों का कार्यवृत : कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का वर्णन करें। बैठक के कार्यवृत को एक पृथक उपाबंध में प्रस्तुत करें।
3. पर्यटन महायोजना सहित आंचलिक महायोजना की तैयारी की स्थिति।
4. भू-अभिलेखों की स्पष्ट त्रुटियों के सुधार के लिए निबटाए गए मामलों का सार। विवरण उपाबंध के रुप में संलग्न करें।
5. पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाली गतिविधियों से संबंधित संवीक्षा किए गए मामलों का सार। विवरण एक पृथक उपाबंध के रूप में संलग्न करें।
6. पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाली गतिविधियों से संबंधित संवीक्षा किए गए मामलों का सार। विवरण एक पृथक उपाबंध के रूप में संलग्न करें।
7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सार।

8. कोई अन्य महत्वपूर्ण मामला।

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 29 November , 2017

S.O. 3776(E).—WHEREAS, a draft notification was published in the Gazette of India, Extraordinary, *vide* notification of the Government of the India in the Ministry of Environment, Forest and Climate Change number S.O. 2115 (E), dated the 15th June, 2016 inviting objections and suggestions from all persons likely to be affected thereby within the period of sixty days from date on which copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public;

AND WHEREAS, copies of the Gazette containing the draft notification were made available to the public on the 22nd June 2016;

AND WHEAREAS, no objections and suggestions were received from persons and stakeholders in response to the draft notification;

AND WHEREAS, the Sohagibarwa Wildlife Sanctuary is situated in Maharajganj District of Uttar Pradesh State over an area of about **428.201 square kilometers**;

